जागरण

# फोटो 22: तीन दुकानों से नकली स्पेयर पार्ट्स बरामद

Publish Date:Fri, 30 Mar 2018 07:58 PM (IST)

जागरण संवाददाता, रुड़की: हीरो होंडा कंपनी की इंवेस्टीगेशन टीम ने सिविल लाइंस में स्पेयर

जागरण संवाददाता, रुड़की: हीरो होंडा कंपनी की इंवेस्टीगेशन टीम ने सिविल लाइंस में स्पेयर पार्ट्स की दुकानों पर छापे मारे। टीम ने तीन दुकानों से नकली स्पेयर पार्ट्स बरामद करने का दावा किया है। स्पेयर पार्ट्स पर कंपनी का नकली होलमार्क लगाकर उन्हें बाजार में बेचा जा रहा था। टीम ने माल को पुलिस के हवाले किया है। वहीं तीनों दुकानदारों को भी हिरासत में लिया गया है।

हीरो कंपनी की इंवेस्टीगेशन टीम को सूचना मिल रही थी कि सिविल लाइंस स्थित कुछ दुकानों पर कंपनी के नाम से नकली स्पेयर पार्ट्स बेचे जा रहे हैं। इस तरह की शिकायत मिलने पर हीरो कंपनी के इंवेस्टीगेशन टीम प्रभारी चंद्रशेखर व अवतार ¨सह की टीम शुक्रवार शाम कोतवाली रुड़की पहुंची। टीम ने सिविल लाइंस पुलिस के साथ मिलकर चंद्रशेखर चौक के पास स्थित पार्ट्स की दुकानों पर छापेमारी की। टीम की कार्रवाई से मौके पर हड़कंप मच गया। टीम को तीन दुकानों से लाखों रुपये के नकली स्पेयर पार्ट्स बरामद हुए हैं। टीम को जो माल बरामद हुआ है, उनमें बाइक के वाइजर समेत अन्य पार्ट्स हैं। कंपनी के नाम से नकली होलमार्क लगे स्पेयर पार्ट्स बेचे जा रहे थे। टीम ने माल कब्जे में लेते हुए उसे कोतवाली सिविल लाइंस ले आई। तीनों दुकानदारों को भी हिरासत में लिया गया है। कार्रवाई की भनक लगते ही कई व्यापारी नेता इन दुकानदारों की पैरवी में कोतवाली पहुंच गए। पुलिस ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। टीम के लीडर चंद्रशेखर ने बताया कि नकली माल बेचे जाने की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। तीन दुकानों से कंपनी का नकली माल बरामद हुआ है। पुलिस को मामले की तहरीर दी गई है। इंस्पेक्टर साधना त्यागी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

Source: https://www.jagran.com/uttarakhand/haridwar-team-ne-17750376.html